तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

# हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 8 मई 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



4 जिस वार्ड में दो-दो टंकियां वहीं के नागरिक 9 दिनों से जूझ रहे पानी की किल्लत से




## खबर संक्षेप

### राज्यमंत्री ने किया मां नर्मदा के दर्शन

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थल एवं पवित्र धार्मिक स्थल अमरकंटक में केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर पतित पावनी मां नर्मदा उद्गम स्थल पहुंचकर दर्शनलाभ लिए। वहीं नर्मदा मंदिर में पूजन-अर्चन कर प्रदेश वासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना किए। इस दौरान केन्द्रीय राज्यमंत्री द्वारा अमरकंटक में ही वार्ड क्रमांक 11 (बैंकटोला) में पहुंचकर आंगनबाड़ी केन्द्र का ना केवल निरीक्षण किए, बल्कि गोदभराई रस्म भी अदा किए। साथ ही छोटे-छोटे बच्चों को बिस्किट आदी वितरित किए और प्रांगण में फलदार आम के पौधे भी रोपे। वहीं आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों के साथ समय बिताने के दौरान केन्द्रीय राज्यमंत्री द्वारा उनसे तरह-तरह के सवाल भी किए, जिनका बच्चों ने बेबाकी से उत्तर भी दिया।

### लापरवाही बरतने पर सचिव निलंबित

**मनेन्द्रगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर पूरे छग में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार का तीसरा चरण चालू हो गया है। 6 मई को जिले के दूरस्थ तहसील कोटाडोल में सुशासन तिहार शिविर का आयोजन किया गया था। अधिकारी-कर्मचारी सुशासन तिहार के अंतर्गत आमजन को राहत पहुंचाने का काम कर रहे हैं, वहीं कुछ इस पर लापरवाही भी बरत रहे हैं। कमर्जी ग्राम सचिव मूरत सिंह द्वारा ग्राम पंचायत में संधारित दस्तावेजों के रख-रखाव में लापरवाही बरतने पर जिला पंचायत सीईओ ने तत्काल निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में उक्त ग्राम पंचायत सचिव का मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत भरतपुर जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर निर्धारित किया जाता है।

### 4-4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**मनेन्द्रगढ़।** छग शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में संशोधित प्रावधान के अनुसार, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के परिशिष्ट-1 की कंडिका-6 (क)(1)के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत करने का प्रावधान किया गया है। इसके तहत ग्राम बंजी तहसील मनेन्द्रगढ़ में जवाहिर सिंह की मृत्यु पानी में डूबने के कारण हो गया था, जिससे उनके पुत्र बलराम को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### महिला उत्पीड़न प्रकरणों की सुनवाई 13 को

**मनेन्द्रगढ़।** छग राज्य महिला आयोग अधिनियम की धारा 10 (3) प्रदत्त शक्ति के अनुपालन में आवेदिका, अनावेदक को सुनवाई में आवेदिका, अनावेदक को उपस्थित कराने के लिए संबंधित थाना प्रभारी को आवश्यक रूप से निर्देशित कर नोटिस तामिल कराकर पावती छग राज्य महिला आयोग को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। सुनवाई तिथि में एक जिम्मेदार अधिकारी, एक आरक्षक एवं एक महिला आरक्षक की ड्यूटी लगाने का कष्ट करें। छग राज्य महिला आयोग में महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर एवं जिला कोरिया से प्राप्त प्रकरणों की एक साथ सुनवाई आयोग की गठित न्यायपीठ द्वारा अध्यक्ष डॉ. किरण मयी नायक एवं सदस्य श्रीमती प्रियम्वदा सिंह जूदेव के द्वारा की जानी है। सुनवाई 13 मई को स्थान-स्वराजीय सभाकक्ष (एसडीएम) कार्यालय मनेन्द्रगढ़ प्रातः 11:00 बजे, निर्धारित प्रकरण 18 तथा सुनवाई की संख्या-6 है।

# वनांचल की बेटी वंदना ने रचा इतिहास, टॉप-टेन में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर/जनकपुर

- हरिभूमि से बोलीं वंदना- आगे यूपीएससी की पढ़ाई कर कलेक्टर बनना है

एमसीबी जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र जनकपुर नौढ़िया की बेटी वंदना सिंह ने वह कर दिखाया है, जिसकी कल्पना बड़े शहरों के छात्र करते हैं। नगर पंचायत जनकपुर से करीब 15 किमी दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत नौढ़िया निवासी वंदना सिंह ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10 वीं बोर्ड परीक्षा में प्रदेश की टॉप-10 सूची में 97.67 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपना नाम दर्ज कर इतिहास रच दिया है।

वंदना शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जनकपुर की छात्रा हैं। ग्रामीण परिवेश, सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद वंदना ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से यह मुकाम हासिल किया है। उनके इस असाधारण प्रदर्शन से पूरा गांव गर्व से झूम उठा है। वंदना के पिता रामफल सिंह एक साधारण किसान हैं, जो खेती-किसानी कर किसी तरह परिवार का भरण-पोषण करते हैं। वहीं उनकी मां श्रीमती प्रेमवती सिंह गांव में मितानिन के रूप में सेवाएं देती हैं। आर्थिक चुनौतियों के बावजूद परिवार ने वंदना की पढ़ाई में कभी कोई कमी नहीं आने दी। आज बेटी की इस ऐतिहासिक सफलता पर पूरा परिवार भावुक और गौरवान्वित है। हरिभूमि से चर्चा करते हुए वंदना ने कहा कि मेरी सफलता का श्रेय मेरे माता-पिता, शिक्षकों और मेहनत को जाता है। मैं भविष्य में यूपीएससी की तैयारी कर कलेक्टर बनना चाहती हूं, ताकि समाज ⏭ शेष पेज 4 पर





माता-पिता को साथ टॉपर वंदना।

### गांव से लेकर स्कूल तक जश्न का माहौल

वंदना की सफलता की खबर जैसे ही गांव और स्कूल में पहुंची, बधाइयों का तांता लग गया। गांव के लोग मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर कर रहे हैं। स्कूल की शिक्षिकाएं और सहपाठी भी इस उपलब्धि से गदगद हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्य ने वंदना को क्षेत्र की प्रेरणा बताया और कहा कि यह उपलब्धि सभी ग्रामीण छात्र-छात्राओं के लिए एक मिसाल बनेगी।

## मनेन्द्रगढ़ की श्रुति मंगतानी ने प्रदेश में हासिल किया दूसरा स्थान- विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल ने लगाई मेरिट में हैट्रिक





**मनेन्द्रगढ़।** जिले के मनेन्द्रगढ़ स्थित विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्रा और शहर के वार्ड क्रमांक 11 की रहने वाली श्रुति मंगतानी ने छग माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी (12वीं) बोर्ड परीक्षा 2025 में प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर न केवल एमसीबी जिले, बल्कि पूरे छग का नाम रोशन किया है। कॉमर्स संकाय की छात्रा श्रुति ने 500 में से 487 अंक प्राप्त कर 97.40 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। वह कपड़ा व्यवसायी राजेश मंगतानी की राकेश मंगतानी और गृहिणी भारती मंगतानी की सुपुत्री हैं। उनकी इस अद्वितीय सफलता के बाद उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। श्रुति ने बताया कि उनका लक्ष्य चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना है और इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता एवं गुरूजन को दिया है। उल्लेखनीय है कि विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल ने लगातार तीसरी बार राज्य स्तरीय मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर मेरिट की हैट्रिक लगाई है, जो संपूर्ण जिले के लिए गर्व का विषय है। इस अवसर पर ⏭ शेष पेज 4 पर

### 10 वीं में 92 प्रतिशत रहा रिजल्ट, प्रदेश में रैंक सुधरी, लेकिन टॉप टेन से पिछड़ा

# बोर्ड परीक्षा में कोरिया की बेटियों का परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा घोषित 10 वीं और 12 वीं बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों में कोरिया जिले प्रदेश में अपनी रैंक सुधारी है, लेकिन जिला टॉप टेन की सूची से पिछड़ गया। हालांकि कोरिया जिले की बेटियों ने इस बार विशेष रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कोरिया जिले के टॉप मेरिट में प्रमुख स्थान हासिल किए हैं। 10 वीं बोर्ड परीक्षा में कोरिया जिले का परिणाम 92.33 प्रतिशत रहा, जो राज्य की औसत 76 प्रतिशत से काफी बेहतर है। कुल 2668 परीक्षार्थियों में से 2397 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण छात्रों में 995 छात्राएं और 746 छात्र शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष कोरिया जिले का स्थान नवां था, जबकि इस वर्ष जिले ने चौथा स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय प्रगति की है। ⏭ शेष पेज 4 पर



### कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं

कोरिया कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिले के सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी और असफल छात्रों को हिम्मत न हारने की सलाह देते हुए कहा कि यह परिणाम अंतिम नहीं, बल्कि और बेहतर करने का एक अवसर है। लगातार मेहनत और लगन से आगे का रास्ता तय किया जा सकता है।

### ये रहे कोरिया के 10 वीं कक्षा के टॉपर

कोरिया जिला स्तर पर टॉपर में अक्षय सोनी पिता अनुराग कुमार सोनी, अंकिता साहू पिता सुरेश कुमार साहू, अभय प्रखर पाण्डेय पिता नवीन कुमार पाण्डेय, कृतिका राजवाड़े पिता महिपाल राजवाड़े, शुभि राठौर पिता चंदन सिंह राठौर, काजल पिता संतोष, गुलशन कुमार पिता शिवबली, सौर्या सोनी पिता रिंकू सोनी, अदीति पिता शिवकुमार, अमन वर्मन पिता रामसजीवन वर्मन, श्रेया पाण्डेय पिता पवन कुमार पाण्डेय, रिया सोनपाकर पिता श्यामलाल सोनपाकर, अभि कुमार पिता कमलेश ठाकुर, प्रतीक गुप्ता पिता पिंटू कुमार, कशिका मांझी पिता उदयशंकर, रीनू राजवाड़े पिता गुलाब साय, सौरभ पिता गणेश प्रजापति, मयंक शर्मा पिता राकेश शर्मा, मधुरिमा रवि पिता जगतपाल रवि ने टॉप टेन सूची में अपनी जगह कोरिया जिले में हाईस्कूल परीक्षा में बनाई हैं।

**ये रहे 12 कक्षा के टॉपर**-कोरिया जिला स्तर पर टॉप टेन में तुसार कुमार पिता बाल्मिक प्रसाद, निकिता राजवाड़े पिता अशोक राजवाड़े, श्वाति सिंह पिता प्रभुनाथ सिंह, अर्चना प्रजापति पिता गणेश प्रजापति, कृति सिंह पिता त्रिभुवन सिंह, जागृति गुप्ता पिता योगेशंचद गुप्ता, पूजा विश्वकर्मा पिता सुभाष, समीक्षा त्रिपाठी पिता मनीष त्रिपाठी, मीनाक्षी गुप्ता पिता नटवर लाल गुप्ता, खुशबू पिता सूर्यामल, स्मृति साहू पिता संतोष कुमार साहू, प्रिंसी पिता अर्जून सिंह, श्रीनायक कश्यप पिता राजू कश्यप, अनुज्ञा तिवारी पिता संजय तिवारी, सुनिधि सिंह पिता दिनेश सिंह,सागर साहू पिता बुद्धनाथ ने 12 वीं में अपनी जगह कोरिया जिले में बनाई हैं।

## वन नेशन, वन इलेक्शन अभियान के लिए प्रभारी नियुक्त

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी की मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी) जिला इकाई ने वन नेशन, वन इलेक्शन अभियान के तहत मंडल स्तर पर प्रभारियों और सह प्रभारियों की नियुक्ति की घोषणा की है। यह घोषणा भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले द्वारा पार्टी प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार की गई। घोषित सूची के अनुसार मंडलवार प्रभारी एवं सह प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। घोषित सूची में कोटाकोल मंडल प्रभारी रविशंकर सिंह, सह-प्रभारी रामसकल सिंह, जनकपुर मंडल पवन शुक्ला, सह प्रभारी आदित्य गुप्ता, कुंवारपुर मंडल प्रभारी हीरालाल मौर्य, सह-प्रभारी भैया प्रसाद को नियुक्त किया गया है। इसीक्रम में केल्हारी मंडल प्रभारी जमुना पाण्डेय,सह-प्रभारी शरद कौशिक, नागपुर मंडल प्रभारी अरुणोदय पाण्डेय,स ह-प्रभारी संजय राय, मनेन्द्रगढ़ मंडल प्रभारी संजय सिंह, सह प्रभारी आलोक जायसवाल, हसदेव मंडल प्रभारी सरजू यादव, सह प्रभारी विनोद गुप्ता, चिरमिरी मंडल प्रभारी जर्नादन साहू,सह-प्रभारी धर्मेन्द्र त्रिपाठी, खड़गवां मंडल प्रभारी रघुनंदन यादव, सह प्रभारी रामलाल साहू नियुक्त किए गए हैं। इस अवसर पर भाजपा एमसीबी जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले ने सभी नियुक्त प्रभारियों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय होकर संगठन को मजबूत करें और वन नेशन, वन इलेक्शन जनजागरण अभियान को गति दें।

युवती के आत्महत्या मामला

## प्रेमी गिरफ्तार, जेल भेजा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

थाना क्षेत्र अंतर्गत आत्महत्या के एक संवेदनशील मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बैकुंठपुर निवासी अविनाश राजवाड़े ने 31 जनवरी को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि विनीता राजवाड़े ने अपने घर के मयार में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उप निरीक्षक प्रमोद पाण्डेय के निर्देशन में मर्ग इंटिमेशन दर्ज कर पंचनामा और जांच की कार्रवाई शुरू की गई। जांच के दौरान मुखबीर की सूचना पर विनीता के प्रेमी नंदकुमार पैकरा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें कई अहम खुलासे हुए। पुलिस जांच में यह तथ्य सामने आया कि नंदकुमार और विनीता के बीच पहले से जान-पहचान थी और वे फोन पर नियमित बातचीत करते थे। आरोपी नंदकुमार ने पहले विनीता से संबंध तोड़ दिया था और बाद में उस पर जबरन शादी का दबाव बनाने लगा। प्रताड़ना से तंग आकर विनीता ने आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया। 6 मई को पुलिस ने आरोपी नंदकुमार पैकरा को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। इस मामले में पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। जल्द ही न्यायालय में आरोप पत्र पेश किया जाएगा। मृतिका के परिजन और समाज के लोगों की मांग है कि आरोपी को सख्त सजा मिले, ताकि भविष्य में कोई और इस प्रकार का अपराध करने का साहस न करें। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उन्हें अदालत में प्रस्तुत किया जाएगा।



गिरफ्तार आरोपी।

# पीएम मोदी ने दिया करारा जवाब

**मनेंद्रगढ़।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान को ऐसा जवाब दिया है, जिसे वह कभी भूल नहीं पाएगा।

उन्होंने कहा कि भारत की जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान कांप उठा है और अब वह भारत की ओर आंख उठाकर देखने से पहले सौ बार सोचेगा। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने बताया कि सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया गया है, जिससे पाकिस्तान के पास न पानी बचा है, न खाना। इसके साथ ही भारत ने पाकिस्तान से आयात-निर्यात पर भी पूरी तरह से रोक लगा दी है, जो उसकी अर्थव्यवस्था पर सीधा प्रभाव डालेगा। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई केवल राजनीतिक या कूटनीतिक ही नहीं, बल्कि सैन्य स्तर पर भी करारा जवाब है।



### सोनहत में दिखा जश्न का माहौल

**सोनहत।** जिले के सोनहत क्षेत्र में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर आमजनमानस में खासा उत्साह देखा जा रहा है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय वायुसेना द्वारा पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किए जाने की खबर पर लोगों में देशभक्ति की भावना चरम पर है। विधायक प्रतिनिधि मनोज साहू ने ऑपरेशन पर त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते दिनों जो कहा था, उसे कर दिखाया। उन्होंने कल्पना से बड़ी सजा की बात कही थी और अब वह सजा पाकिस्तान को मिल चुकी है। ऑपरेशन सिंदूर के जरिए नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिससे पूरे देश का सिर गर्व से ऊंचा हो गया है। पंचायत प्रतिनिधि लव प्रताप सिंहजूदेव ने भी भारत की इस सैन्य कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्रवाई ठोस रणनीति का हिस्सा थी। भारत ने साफ कर दिया है कि वह आतंकी हमलों का ⏭ शेष पेज 4 पर

### तोलगा में समाधान शिविर, ग्रामीणों को मिली योजनाओं की जानकारी

# पानी की बर्बादी को रोकने सभी बनें सहभागी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के बैकुंठपुर जनपद पंचायत के ग्राम तोलगा में बुधवार को सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। पिछले दिनों ग्राम बंजारीडांड़ में आयोजित समाधान शिविर आम व महुआ पेड़ की छांव में किया गया था और इस बार ग्राम तोलगा में समाधान शिविर का आयोजन सेमल पेड़ की छांव में किया गया।

इस पेड़ की छांव में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को प्राकृतिक वातावरण में सरकारी योजनाओं की जानकारी अधिकारियों द्वारा दी गई। शिविर स्थल में मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई सुशासन तिहार के बारे में जानकारी दी गई। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश पर शिविर स्थल पर विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई थीं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने ग्रामीणों से कहा कि सुशासन तिहार के प्रथम चरण में आवेदन प्राप्त किया गया, दूसरे चरण में निराकरण की कार्रवाई की गई और अब तीसरा चरण समाधान शिविर के माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर की गई कार्रवाई के बारे में आम लोगों को जानकारी दी जा रही है। यह सुशासन तिहार सुचिता और संवेदना के साथ पारदर्शिता के साथ प्राप्त आवेदनों पर की गई कार्रवाई को अवगत कराया जा रहा है। ⏭ शेष पेज 4 पर








नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## खबर संक्षेप



### उमंग समर कैंप में बच्चों को दी गई यातायात नियमों की जानकारी

**अम्बिकापुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 10 दिवसीय उमंग समर कैंप के चौथे दिन की शुरूआत उमंग उत्साह दिवस के रूप में किया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी अन्नू बहन ने कहा कि संस्कार एवं संस्कृति एक-दूसरे के पूरक है। संस्कार से ही संस्कृति का निर्माण होता है एवं संस्कृति के अनुसार संस्कार बनता है। संस्कार हमें माता-पिता, शिक्षक से पूर्व जन्म से प्राप्त होता है किंतु सुख-शांति, प्रेम, आनंद , ज्ञान, शक्ति, पवित्रता सदैव हमारे साथ रहती है। उन्हें अपने में जागृत करने की आवश्यकता है। इनकी कमी से ही हमारे अंदर चोरी, क्रोध, अहंकार ईर्ष्या के संस्कार जागृत होते हैं। संस्कार हमारे व्यक्तित्व को मूल्यवान बनाता है। यातायात उप निरीक्षक अभय तिवारी ने कहा कि यातायात के नियमों का पालन करना हमारा कर्तव्य है। इससे हम स्वयं सुरक्षित रहकर दूसरों की भी मदद कर सकेंगे। कभी भी शॉर्टकट के चक्कर में अपनी जान को जोखिम में नहीं डालना चाहिए। उन्होंने प्रोजेक्टर द्वारा यातायात संकेतों का परिचय दिया एवं आवश्यक नियमों को बताया। उन्होंने बच्चों के प्रश्नों का जवाब रोचक तरीके से दिया एवं यातायात संबंधित वीडियो दिखाकर उन्हें जागरूक किया। कलर कंसंट्रेशन गेम में बच्चों बढ़चढ़कर भाग लिया एवं अपनी एकाग्रता का सबूत दिया।

### एपेक्स जेसीसी बैठक में कोल कर्मचारियों के ड्रेस कोड हेतु 12 हजार 500 रुपए पर बनी सहमति

**बिश्रामपुर।** कोल इंडिया लिमिटेड की संयुक्त परामर्श समिति की बैठक में कोल कर्मचारियों के हित में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए।बैठक में कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड भत्ते को बढ़ाकर 12,500 रुपए कर दिया गया, जो पूरे कोयला उद्योग में काम कर रहे श्रमिकों के लिए एक बड़ी राहत और सम्मानजनक पहल मानी जा रही है। बैठक की अध्यक्षता विश्वनाथ सी. प्रसाद ने की, जिसमें प्रोडक्शन रणनीति, श्रमिक हितों और भविष्य की योजनाओं पर गहन चर्चा हुई। बैठक में कोल इंडिया और उसकी सभी अनुषांगिक कंपनियों के लिए 2025-26 का उत्पादन लक्ष्य भी प्रस्तुत किया गया, जिसे हासिल करने के लिए सभी यूनियनों और प्रबंधन के बीच सकारात्मक संवाद हुआ। बैठक में प्रमुख रूप से विनय रंजन, निदेशक कोल इंडिया मानव संसाधन के अलावा एचएमएस से नाथूलाल पांडेय, एटक से रामेन्द्र कुमार, सीटू से रामानंद, बीएमएस से के. लक्ष्मा रेड्डी ने अपने-अपने संगठन की ओर से कर्मचारियों की मांगों और मुद्दों को सशक्त तरीके से रखा और कई बिंदुओं पर सहमति बनी। बैठक का उद्देश्य उत्पादन लक्ष्य निर्धारित करने के साथ-साथ श्रमिक हितों को सुरक्षित और सशक्त बनाना रहा। कोयला क्षेत्रों में इस फैसले को श्रमिकों के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। कर्मचारी संगठनों ने इसे सम्मान और सहयोग की दिशा में ठोस कदम करार दिया है। संगठनों क़े अनुसार ड्रेस कोड भत्ते की राशि में हुई यह वृद्धि न केवल आर्थिक सहूलियत देगी, बल्कि कर्मचारियों में आत्मसम्मान और कार्य के प्रति उत्साह भी बढ़ाएगी।

### आर्ट ऑफ लिविंग संस्था बच्चों के लिये विशेष योग कार्यशाला का करेगी आयोजन

**बिश्रामपुर।** आर्ट ऑफ़ लिविंग संस्था के तत्वावधान में 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए आर्ट एक्सेल (उत्कर्ष योग) नामक एक विशेष योग कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।उक्त आयोजन 9 मई से 14 मई तक प्रतिदिन शाम 5:30 बजे से रात 8:00 बजे तक श्री श्री ज्ञान मंदिर में आयोजित होगा।इस कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों के भीतर छिपी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में मोड़ना है। इसमें बच्चों को सरल श्वास तकनीक, व्यवहारिक ज्ञान सिद्धांत एवं शक्तिशाली सुदर्शन क्रिया सिखाई जाएगी जिससे वे मानसिक रूप से शांत, प्रसन्न एवं अधिक एकाग्र हो सकें।आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस आयोजन से बच्चों में क्रोध, चिंता और निराशा को कम करना,एकाग्रता और स्मरण शक्ति में वृद्धि, मंच पर बोलने का आत्मविश्वास, शरीर और मन को ऊर्जावान बनाना, रचनात्मकता को प्रोत्साहन, नैतिक मूल्यों की मजबूती लाना मुख्य उद्देश्य है।कार्यक्रम में खेल, इंटरैक्टिव सत्र, लाइव चर्चा, संगीत और नृत्य के माध्यम से बच्चों का संपूर्ण विकास किया जाएगा।

# जिला सहकारी बैंक में 14 करोड़ की हेराफेरी करने वाले अधिकारी-कर्मचारी पर नहीं हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

- खाता में पैसा नहीं आने से किसानों की बढ़ी परेशानी
- शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई, किसानों में आक्रोश



कुसमी सहकारी बैंक में कुछ दिन पहले लगभग 14 से 15 करोड़ की राशि का हेराफेरी के मामले में आज तक अधिकारी-कर्मचारी पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से किसानों में आक्रोश व्याप्त है। किसी किसान के खाते से 1 लाख तो किसी के खाते से 50 हजार रुपए की राशि बिना खाद व नगद राशि गबन किया गय। बैंक के खाताधारक किसानों के खाते से लगभग 14 से 15 करोड़ रुपए की राशि को बैंक के ही मास्टरमाइंड तथाकथित अधिकारी-कर्मचारी द्वारा गबन कर लिया गया है, जिसकी शिकायत लगभग दो माह पहले बलरामपुर कलेक्टर सहित बैंक के वरिष्ठ अधिकारी से लेकर सांसद एवं विधायक से की गई लेकिन आज तक जांच ही चल रही है।

सहकारी मर्यादित बैंक में कुछ माह पूर्व बैंक के खाताधारक किसानों के खाते से हेराफेरी कर लगभग 14 से 15 करोड़ की राशि का गबन किया गया। इधर खाते में पैसा नहीं आने से किसानों ने लगभग दो माह पूर्व ही इसकी शिकायत कलेक्टर, बैंक के वरिष्ठ अधिकारी, सांसद व विधायक से की। शिकायत के बाद मामले की जांच शुरू की गई जो आज भी जारी है। किसानों का कहना है कि राशि का अता पता नहीं चल पा रहा है। शिकायत के चलते क्षेत्र के किसान काफी परेशान है। बैंक के अधिकारी कर्मचारी द्वारा किसानों के खाते से बिना खाद बीज लिए बिना नकद राशि लिए 14 से 15 करोड़ की राशि का हेरा फेरी किया गया है जो इस क्षेत्र के लिए किसानों के लिए बहुत बड़ी घटना है। साथ अभी तक हेरा फेरी करने वाले बैंक के अधिकारी कर्मचारी के विरूद्ध जांच उपरांत भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। किसानों ने सांसद चिंतामणि महाराज, सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा व कलेक्टर सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी से कार्रवाई किए जाने तथा किसानों की खाते से हुई गमन राशि को दिलाने की मांग की है।

#### किसानों ने दिया हड़ताल करने की चेतावनी

बैंक अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा करोड़ों रुपए की हेराफेरी करने तथा किसानों के खातों में राशि नहीं आने से किसान काफी आक्रोशित है। किसानों का कहना है कि दोषी बैंक के अधिकारी-कर्मचारी के विरूद्ध किसी भी प्रकार की जांच उपरांत कार्रवाई नहीं की जाती है और किसानों के खाते से गमन की गई राशि उनके खाते में समय अनुसार समायोजन नहीं किया जाता है तो कुसमी क्षेत्र के किसान बैंक के सामने हड़ताल करेंगे।

#### आईडी का किया गया है गलत उपयोग

मेरा और रिटायर्ड हो चुके पूर्व शाखा प्रबंधक कमल साय पैकरा के आईडी का मिस यूज करके बैंक के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा किसानों के खाते से राशि गबन किए है। हम लोगों को इस विषय में किसी प्रकार की जानकारी नहीं है। मुझे वर्तमान में इसी विषय को लेकर निलंबित कर दिया गया गया है। मामले की उचित जांच एवं दोषियों पर कार्रवाई होना चाहिए।

-**जगदीश बुनकर**, निलंबित सहायक लेखापाल

## नाममात्र की रह गई राष्ट्रीय बागवानी मिशन की प्रतापपुर मॉडल नर्सरी

# देखरेख के अभाव में शासकीय मॉडल नर्सरी की हालत दयनीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

**खास बातें**
- उद्यान के बहुमूल्य औषधीय पौधे हो रहे खराब
- उद्यान अधीक्षक पर पूर्व में भी लग चुके है कई गंभीर आरोप

सरकार पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के लिए एक ओर जहां राष्ट्रीय बागवानी मिशन जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं पर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है, वहीं दूसरी ओर देख रेख के अभाव में शासकीय उद्यान मॉडल नर्सरी की हालत दयनीय हो गई है। कुछ इस तरह की स्थिति प्रतापपुर के आखिरी छोर पर स्थित मॉडल नर्सरी शासकीय उद्यान की है जो देखरेख के अभाव में न दयनीय हो गई है बल्कि यह नर्सरी आज केवल नाम मात्र की रह गई है। एक ऐसा स्थान जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र होना चाहिए था, वह आज अपनी बदहाली का आंसू बहा रहा है।

विकासखंड प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत खोरमा में साल 2017 में शासकीय उद्यान की प्रशासनिक स्वीकृति मिली थी। लाखो रूपये की स्वीकृति मिलने के बाद 17 मार्च 2018 को मॉडल नर्सरी शासकीय उद्यान कार्य प्रारंभ किया गया जो साल 2019 में बाद तैयार हो गया। इधर निर्माण एजेंसी उद्यान विभाग द्वारा कराए कार्य के बाद क्षेत्र को लोगों को उद्यान से विभिन्न प्रजाति के औषधीय सहित अन्य पौधे सस्ते दर पर मिलने की उम्मीद जगी। नर्सरी का मूल उद्देश्य था कि यहां पर विभिन्न प्रकार के फलदार, फूलदार और औषधीय पौधों को उगाया जाए और उसे किसानों व आम लोगों को वितरित किया जाए। लेकिन वर्तमान में सच्चाई यह है कि पौधे इधर-उधर बेतरतीब तरीके से फेंके पड़े हैं। कई पौधे पॉलीथिन फाड़कर जमीन में उग चुके हैं और सड़ने लगे हैं। देखरेख का नामोनिशान नहीं है न तो खाद का प्रयोग हो रहा है और न ही कीट नियंत्रण की कोई व्यवस्था दिखती है। उद्यान का स्वरूप अब किसी जंगल से कम नहीं रहा। चारों ओर घनी घास उगी हुई है, जिसकी वजह से नर्सरी में टहलना तो दूर, चलना भी किसी खतरे से खाली नहीं है। यहां जाने वाले लोगों को यह डर सताता है कि कहीं अचानक कोई सांप या बिच्छू सामने न आ जाए। प्रतापपुर में यह एकमात्र ऐसी जगह है जहां लोग न सिर्फ पौधे खरीदने बल्कि सुकून के पल बिताने आते हैं, लेकिन मौजूदा स्थिति ने नर्सरी को एक भयावह उद्यान में तब्दील हो गया है।




ग्राम पंचायत खोरमा स्थित मॉडल नर्सरी।

#### नर्सरी बनी केवल विभागीय संपत्ति

लोग 30 से 40 किलोमीटर दूर से उम्मीद लेकर नर्सरी आते हैं कि उन्हें अपनी ज़रूरत के अनुसार पौधे मिलेंगे, लेकिन यहां मौजूद कर्मचारी उन्हें यह कहकर वापस भेज देते है कि यह पौधे रिज़र्व हैं और ऊपर से मना किया गया है। जब यही पौधे खुले में सड़ रहे हैं तो फिर उन्हें सुरक्षित रखने की कोई वजह समझ नहीं आती। यदि लोगों के लिए पौधे उपलब्ध नहीं हैं तो नर्सरी के बाहर स्पष्ट सूचना पलट पर लगाना चाहिए कि यह केवल उद्यान विभाग के लिए ही है।

#### उद्यान के स्टाफ की मनमानी से लोग परेशान

स्थानीय लोगों का कहना है कि उद्यान विभाग के अधिकारी महीनों तक मुख्यालय में मौजूद नहीं रहते, इसका फायदा यहां का स्टाफ उठाते है। कर्मचारियों का व्यवहार बेहद तिरस्कारपूर्ण है और कई बार तो लोगों के साथ बदसलूकी भी की जाती है। लोगों का आरोप है मजदूरों की फर्जी हाजिरी भरकर राशि का धांधली किया जाता है। किसानों के लिए सरकार द्वारा भेजे गए हल्दी, आलू, अदरक, मिर्च के बीज सिर्फ कागजों में ही बांटे जा रहे हैं। जबकि जमीनी हकीकत कुछ और है।

#### कंपोस्ट यूनिट हुई ध्वस्त

नर्सरी परिसर में वर्मी कंपोस्ट खाद बनाने के लिए बनाए गए घर अब देखरेख के अभाव में जर्जर हो चुके हैं। जमीन पर केंचुए मरे पड़े हैं और वह व्यवस्था जो किसानों को जैविक खाद मुहैया करा सकती थी, आज भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है।

#### लोगों ने की जांच व कार्रवाई की मांग

क्षेत्र के लोगों ने एक उच्चस्तरीय जांच समिति का गठन कर जांच किए जाने की मांग की है। साथ ही दोषियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने तथा नर्सरी को पुनः जनता के लिए उपयोगी और सुरक्षित स्थल बनाने की मांग की है जिससे प्रतापपुर स्थित मॉडल नर्सरी का अस्तित्व बचाया जा सके।

#### गठित की गई है जांच टीम

मामले की जांच के लिए टीम गठित किया गया है। नर्सरी में अव्यवस्था सहित बीज वितरण के संबंध में जांच कराई जाएगी। साथ ही उद्यान अधीक्षक को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

-**जयपाल सिंह**
जिला उद्यानिकी अधिकारी

## रेलवे में नियुक्ति का झांसा देकर दो सगे भाइयों से ठगी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- मुख्य आरोपी अब भी फरार, पुलिस कर रही तलाश



रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर दो सगे भाईयों से ठगी करने मामले क़े एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मामले के मुख्य आरोपी अभी भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है।

जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम आमगांव निवासी रामनैन सिंह के दो पुत्रों क्रमशः बाबूलाल व बाल रूप ने रेलवे में नौकरी पाने की उम्मीद में ग्राम पंचायत ठाकुरपुर निवासी अज्जू सिंह पिता बुढन के संपर्क में आने उपरांत करीब 1 लाख 68 हजार रुपए के ठगी के शिकार हो गए थे।मामले में आरोपी अज्जू सिंह द्वारा दोनों भाई को कुछ राशि तो वापस कर दिया गया लेकिन शेष राशि करीब 1 लाख 68 हजार रुपए को वापस करने से मना कर दिया।तत्पश्चात दोनों भाईयों ने अपने साथ ठगी हो जाने पर कुछ दिनों पूर्व मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी जिस पर पुलिस ने आरोपी ठाकुरपुर निवासी अज्जू सिंह को मंगलवार को गिरफ्तार कर मामले में धारा 420 के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय पेश कर दिया है।बताया गया कि मामले का मुख्य आरोपी सुदामा दास पिता संवल दास जो मूलतः जशपुर जिले के हाउस नंबर 297 केरा कछार रोड बरडीपा टोला, मरोल निवासी है, ग्राम ठाकुरपुर क़े शिवलाल के कहने पर अज्जू सिंह का मकान किराए ने लिया था।यहीं से मुख्य आरोपी सुदामा दास ने खुद को रेलवे बिलासपुर का पीए होने की बात कहकर ग्रेड डी में नौकरी लगवाने के नाम पर एक व्यक्ति के दो लाख रुपए लगवाने की बात कहकर दोनों भाईयों के अलावा आरोपी अज्जू सिंह से भी ठगी कर चुका है।इसके अलावा मुख्य आरोपी सुदामा दास और भी कई लोगों से लाखों रुपए की ठगी किया हूआ है। ठगी के एक मामले की रिपोर्ट पर सरगुजा पुलिस द्वारा भी मुख्य आरोपी सुदामा दास के खिलाफ पूर्व में कार्यवाही कर चुकी है।मामले में अब जयनगर पुलिस द्वारा मुख्य आरोपी सुदामा दास व अन्य सह आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### ग्रामीण ने घर में घूस महिला से किया छेड़छाड़, अपराध दर्ज

अम्बिकापुर। घर में महिला को अकेले देख गांव के एक व्यक्ति ने न सिर्फ उसके घर घूसा बल्कि महिला से मारपीट करते हुए छेड़छाड़ किया गया। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रेमनगर थाना अंतर्गत निवासी महिला रविवार की शाम घर में अकेली थी। इसी दौरान शाम 6.30 बजे गांव के ही देव नारायण लास्कर उसके घर दाखिल हुआ और महिला को अकेले देख छेड़छाड़ करने लगा। जब महिला ने विरोध किया तो देवनारायण ने उसकी डंडे से पिटाई करना शुरू कर दिया। इसी बीच महिला के शोर मचाने पर जब पड़ोसी पहुंचे तो ग्रामीण फरार हो गया। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 333,351(2) व 76 का अपराध दर्ज किया है।

## कांग्रेस ने पं. मोतीलाल नेहरू को दी श्रद्धांजलि



**अंबिकापुर।** महान स्वतंत्रता सेनानी और विख्यात अधिवक्ता पंडित मोतीलाल नेहरू के 164 वें जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में उन्हें उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई एवं स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी भूमिका पर चर्चा की गई।

इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के विभूतियों पर चर्चा से आज के दौर में कांग्रेस के साथ हीं समाज की नई पीढ़ी को यह संदेश जाएगा कि कांग्रेस ने महात्मा गांधी के नेतृत्व में किस प्रकार देश की स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी और देश को एकजुट रखने वाले विचारधारा को जन्म दिया। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में पंडित मोतीलाल नेहरू के योगदान की चर्चा करते हुए कहा की उन्होंने अपने परिवार को ऐसा परवरिश दिया कि पूरे परिवार ने देश के स्वतंत्रता संग्राम में अभूतपूर्व योगदान दिया। उनकी परवरिश का परिणाम है कि मौजूदा सत्ता प्रतिष्ठान और संघ परिवार आज नेहरू-गांधी परिवार से डरता है और उनके बलिदान को धूमिल करने के लिए उनके चरित्र हनन का षड्यंत्र रचते रहता है। इस दौरान पीसीसी महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा, हेमंत सिन्हा, इरफान सिद्दीकी, अशफाक अली, अमित तिवारी राजा, लोकेश कुमार, रजनीश सिंह, आतिश शुक्ला, राशिद अहमद आदि वक्ताओं ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर मो. इस्लाम, श्रीमती मधु दीक्षित, विनय शर्मा, हेमंत तिवारी, दुर्गेश गुप्ता, अनिल सिंह, अतुल तिवारी, संध्या रवानी, मदन जायसवाल, अनूप मेहता, जमील खान, कलीम अंसारी, नरेंद्र विश्वकर्मा, संजय सिंह, चंद्र प्रकाश सिंह, जीवन यादव, निक्की खान, अमित कुमार सिन्हा, रोशन कन्नौजिया, बैजनाथ ठाकुर, मंजू सिंह, प्रीति सिंह, चंचला सांडिल्य, उर्मिला विश्वास, अफजाल अंसारी, अब्दुल लतीफ आदि मौजूद थे।

## सीएचसी के बदहाल एक्स-रे रूम की शिकायत, जांच में पहुंचे अधिकारी

- कलेक्टर के आदेश पर एसडीएम के नेतृत्व में निरिक्षण करने पहुंची प्रशासनिक टीम



**बिश्रामपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर में मरीजों की जान की कीमत अब कीचड़ और जलजमाव से तौली जा रही है। बरसात का मौसम शुरू भी नहीं हुआ और एक्स-रे रूम में पानी भरने की शिकायत ने प्रशासन को जगा दिया है।सुशासन तिहार के तहत एक मामूली सी लगने वाली शिकायत ने जब बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं की चूलें हिला दीं, तो सूरजपुर कलेक्टर को हस्तक्षेप करना पड़ा। अस्पताल परिसर में स्थित एक्स-रे कक्ष तक पहुंचने का रास्ता इतना संकरा है कि स्ट्रेचर या व्हीलचेयर तक पहुंचाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ जाता है। रही-सही कसर बरसात में भरने वाला पानी पूरी कर देता है। मरीजों को कभी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है, तो कभी मजबूरी में जांच टालनी पड़ती है। कई बार तो मरीजों को पास के निजी पैथोलैब का रुख करना पड़ता है, जिससे गरीब तबके पर आर्थिक बोझ भी बढ़ता है। जयनगर सुशासन तिहार के समाधान शिविर में ग्राम सतपता निवासी राजकुमार रवि नामक ग्रामीण द्वारा किए गए शिकायत पर इस संवेदनशील मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर के निर्देश पर सूरजपुर एसडीएम शिवानी जायसवाल, लटोरी तहसीलदार सुरेंद्र पैकरा और पिलखा नायब तहसीलदार मीना सिंह ने स्वयं निरीक्षण कर हकीकत देखी।मौके पर ही बीएमओ डॉ. अमित भगत के साथ निरीक्षण के दौरान तत्काल एक्स-रे कक्ष को दूसरे कक्ष में स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए।इस पर बीएमओ डॉ. भगत ने दो-तीन दिनों में दूसरे रूम में शिफ्ट करने की बात अधिकारीयों से कही है।

## पुलिस अधीक्षक ने ली थाना एवं चौकी प्रभारियों की बैठक

# पुलिस की कार्रवाई हो पारदर्शी व निष्पक्ष : एसएसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने जिले के पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना-चौकी प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिलों में आधारभूत पुलिसिंग को और मजबूत करने पर विशेष ज़ोर दिया गया। जिले में पदस्थ राजपत्रित अधिकारियों को और अधिक जवाबदेह बनाने, पर्यवेक्षकर्ता राजपत्रित अधिकारी अपने पर्यवेक्षणीय थाना के कार्यों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने तथा अधीनस्थों को उचित दिशा-निर्देश व मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए ताकि कार्य गतिशील रहे। उन्होंने पुलिस की कार्रवाई को पारदर्शी व निष्पक्षता से करने के निर्देश दिए ताकि समाज व लोगों में पुलिस की छवि और और अच्छी बने। पीड़ति पक्ष थाने में आने वाले फरियादी की शिकायत गंभीरता से सुनकर कार्रवाई करते हुए उसे संतुष्ट करें। साथ ही सुनिश्चित करे कि कोई फरियादी निराश होकर न जाए।

जिले में लंबित अपराध, महिलाओं और बच्चों से संबधित अपराध, संपत्ति संबंधी अपराध, मर्ग, शिकायत, विभागीय जांच एवं लघु अधिनियम व प्रतिबंधात्मक कार्रवाई अंतर्गत की गई कार्रवाई तथा कानून-व्यवस्था और सड़क दुर्घटनाओं सहित जिले के कई महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की गई। एसएसपी ने गंभीर किस्म के प्रकरणों में सतत विवेचना करते हुए यथाशीघ्र विधिसम्मत निराकरण करने, प्रकरण लंबी अवधि तक विवेचना में लंबित न रहे। थानों में तैयार चालान अनावश्यक लंबित न रहे इसके लिए पुलिस राजपत्रित अधिकारी व थाना प्रभारी को लंबित चालान की प्रत्येक दिवस समीक्षा कर विधिसम्मत कार्रवाई के निर्देश दिए। महिलाओं और बच्चों से संबंधित मामलों में तत्काल संज्ञान लेकर त्वरित विधि सम्मत कार्रवाई किए जाने निर्देश दिए। मादक पदार्थों और सूखे नशे के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई के साथ उनकी बरामदगी के स्तर पर भी सुधार हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, नगर पुलिस अधीक्षक एसएस पैंकरा, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, डीएसपी अनूप एक्का, रितेश चौधरी, एसडीओपी नरेन्द्र सिंह पुजारी, सौरभ उईके, राजेश जोशी, अभिषेक पैकरा,डीएसपी अजाक पीडी कुजूर सहित जिले के थाना-चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

## पुलिस ने मालवाहक वाहन मालिक एवं चालकों की ली बैठक

- वाहनों में यात्री बैठाने पर होगी कठोर कार्रवाई



**सूरजपुर।** सड़क हादसों में अंकुश लगाने की दिशा में पुलिस लगातार मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई, जागरूकता कार्यक्रम तथा अन्य विभागों के साथ मिलकर सडक़ सुरक्षा को लेकर सुधारात्मक कार्य किए जा रहे है। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर मालवाहक वाहनों में सवारी ढोने की घटनाओं पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को जिले के थाना-चौकी प्रभारियों द्वारा पिकअप सहित अन्य वाहन के मालिकों और चालकों की बैठक लेकर उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए गए कि यदि माल वाहक वाहनों में यात्री बैठे मिले या हादसे में किसी की जान गई तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सडक दुर्घटनाएं मृत्यु के बड़े कारणों में शामिल हैं और इनमें भी मालवाहक वाहनों में सवारी बैठाकर की गई लापरवाही से कई मासूम जानें जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि मालवाहक का इस्तेमाल सिर्फ माल ढोने के लिए ही किया जाना चाहिए। इसे यात्री वाहन बनाना न केवल खतरनाक है बल्कि कानून का गंभीर उल्लंघन भी है। नए मोटर व्हीकल एक्ट के अनुसार यदि जानबूझकर ऐसे वाहन में सवारी बैठाकर दुर्घटना कर दी गई, तो उसे जानबूझकर घोर लापरवाही माना जाएगा। साथ ही वाहन बीमा कंपनी भी किसी तरह का मुआवजा नहीं देगी। एसएसपी ने बताया कि वाहन स्वामी एवं चालकों की बैठक का मुख्य उद्देश्य यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराना और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। शराब पीकर वाहन न चलाने की चेतावनी देना था ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। बैठक में पिकअप व अन्य वाहनों के मालिकों और चालकों को सख्त हिदायत दी गई है कि ऐसे वाहनों में यात्री न बैठाए निर्देशों के बावजूद ऐसा करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

*लॉस एंजिल्स। दुनिया के सबसे बड़े फैशन शो या फैशन समारोह मेट गाला का आयोजन हो चुका है। हर साल की तरह इस बार भी न्यूयॉर्क के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में मई के पहले सोमवार को मेट गाला का आयोजन किया गया। जो भारतीय समयानुसार 6 मई को सुबह 3:30 बजे शुरू हुआ। इस समारोह में बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान से लेकर कियारा आडवाणी, प्रियंका चोपड़ा और दिलजीत दोसांझ सरीखे स्टार्स ने रेड कार्पेट पर अपना जलवा बिखेरा। शाहरुख ने जहां अपने स्टारडम से सबका ध्यान खींचा तो वहीं कियारा का टू बी मॉम लुक लोगों को पसंद आया और दिलजीत के महाराजा लुक ने लोगों का दिल ही जीत लिया।*

# शाहरुख ने दिखाया सुपर स्टारडम तो कियारा ने किया मदरहुड को सलाम



## हीरा जड़ी हुई है शाहरुख की बंगाल टाइगर हेड वाली छड़ी

बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान ने इस बार मेट गाला पर अपना शानदार डेब्यू किया। अपने इस बहुप्रतीक्षित डेब्यू के लिए किंग खान ने भारत के मशहूर डिजाइनर सब्यसाची के आउटफिट को चुना। शाहरुख ने ब्लैक आउटफिट के साथ चमकदार गोल्डन कलर की ज्वेलरी भी पहनी, जिसमें वो किसी सुपरस्टार से कम नहीं नजर आए। 'सुपरफाइनः टेलरिंग ब्लैक स्टाइल'थीम के मुताबिक, शाहरुख ने कई गोल्डन नेकलेस के साथ एक स्टाइलिश ब्लैक कलर का सूट पहना था। दो सबसे प्रमुख नेकलेस में से एक में उनके शुरुआती अक्षर '**SRK**' और दूसरे में '**K**' अक्षर है। शाहरुख के आउटफिट के बारे में बताते हुए डिजाइनर सब्यसाची का कहना है कि ये आउटफिट वैश्विक मंच पर उनके स्टारडम को दिखाता है। एक्टर ने अपने बाएं हाथ में चार खूबसूरत अंगूठियां और एक शानदार घड़ी भी पहनी थी। उन्होंने इस क्लासी लुक को और स्टाइलिश बनाने के लिए ब्लैक चश्मा और एक स्टेटमेंट ब्रोच को भी अपने साथ जोड़ा।

## कियारा के लुक ने बिखेरा जलवा

कियारा आडवाणी ने बेबी बंप के साथ मेट गाला में अपना डेब्यू किया। अपने इस डेब्यू के लिए कियारा ने भारतीय डिजाइनर गौरव गुप्ता के कस्टम कॉउचर आउटफिट को चुना। ब्रेवहाट्र्स नाम की उनकी ड्रेस फेमिनिटी, ट्रांसफॉर्मेशन और वंश को ट्रिब्यूट थी। स्कल्पचरल से तैयार इस इस गाउन में घुंघरू और क्रिस्टल से सजी एक प्राचीन सोने की ब्रेस्टप्लेट थी। मदर हार्ट और बेबी हार्ट को दर्शाती एक चेन कियारा ने पहनी थी जो उनके बेबी बंप पर टच कर रही थी। जो उनकी प्रेगनेंसी और जल्द ही मां बनने की भावना को दर्शाती है।

## महाराजा लुक में नजर आए दिलजीत

सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ ने इस बार मेट गाला में अपना शानदार आगाज किया। अक्सर अपने फैशन से लोगों का ध्यान खींचने वाले दिलजीत के मेट गाला में महाराजा लुक ने भी सभी का दिल जीत लिया। दिलजीत ने प्रबल गुरुंग द्वारा डिजाइन की गई व्हाइट कलर की ड्रेस पहनी। पंजाबी राजघराने की झलक दिखाते दिलजीत के आउटफिट में एक कुर्ता और एक लंबा अंगरखा और ड्रेप्ड बॉटम के साथ पगड़ी शामिल थी। भारी एसेसिरीज व ज्वेलरी और तलवार के साथ दिलजीत ने अपने महाराजा लुक को कम्पलीट किया। दिलजीत को देखते ही उनके फैंस बोले 'ओये पंजाबी आ गए ओए'

## प्रियंका ने दिखाई क्लासिक हॉलीवुड की झलक

ग्लोबल स्टार बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा ने इस बार मेट गाला में एक टेलर्ड पोल्का डॉट सूट ड्रेस में अपना जलवा बिखेरा। इसे बाल्मेन के ओलिवियर रूस्टिंग द्वारा बनाया गया था। इस लुक में क्लासिक हॉलीवुड की झलक देखने को मिली, जिसमें शार्प सिल्हूट और स्टाइल को दिखाया गया। प्रियंका की यह ड्रेस ब्लैक सार्टोरियल पहचान और ब्लैक डैंडी की ऐतिहासिक खोज पर आधारित थी। प्रियंका की ड्रेस को को शानदार इतालवी घराने बव्लगारी की शानदार ज्वेलरी से सजाया गया था।

## ईशा अंबानी ने भी बिखेरा अपना जलवा

रिलायंस इंडस्ट्री लिमिटेड की डायरेक्टर ईशा अंबानी भी मेट गाला में पहुंचीं। वह डिजाइनर अनामिका खन्ना द्वारा डिजाइन की गई ड्रेस में कारपेट पर उतरीं। व्हाइट जियोमेट्रिक कोर्सेट, काले रंग की पैंट और सफेद केप पहने ईशा ने मेट गाला में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराई। उनकी ड्रेस ब्लैक डैंडी स्टाइल से प्रेरित थी। अपने डिजाइन को कीमती स्टोन्स और पारंपरिक मोती के काम से और अधिक आकर्षक बनाया। ग्लैमर के लिए ईशा ने ओसदार मेकअप चुना और अपने बालों को लंबी चोटी में बांधा।

# रॉक एंड रोल सूट में जेंडया और टेलर्ड फॉर यू में दिखीं स्टाइलिश

**लॉस एंजिल्स।** दुनिया का सबसे बड़ा फैशन इवेंट मेट गाला 4 मई को शुरू हुआ, जिसमें बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक के कई ग्लोबल स्टार्स ने हिस्सा लिया। इस फैशन इवेंट में कई हस्तियों ने अपने बोल्ड एंड हॉट लुक से सभी को आश्चर्यचकित कर दिया।

***सिडनी स्वीनी*** : अमेरिकी अभिनेत्री सिडनी स्वीनी काले रंग की शाइनिंग ड्रेस में मेट गाला 2025 फैशन इवेंट में पहुंचीं। उन्होंने मीयू-मूयी ब्लैक शाइनिंग गाउन के साथ प्लंजिंग कीहोल नेकलाइन कैरी किया, जिस पर गोल्ड रोसेट डिटेल और बीडेड फ्रिंज शोल्डर एक्सेंट लगे हुए हैं। उन्होंने स्लीक्ड-बैक अपडू के साथ पुराने हॉलीवुड लुक को पूरा किया।

***गिगी हदीद*** : गिगी हदीद ने फैशन की सबसे बड़ी रात के लिए मिउ मिउ का एक गोल्डन फिट गाउन पहना, जो जोसेफिन बेकर का संदर्भ देता है। गिगी हदीद किसी बड़ी फिल्म में अभिनय करने वाली पहली गोरी अभिनेत्री हैं।

***जेंडया*** : अमेरिकी अभिनेत्री और गायिका जेंडया ने इस बार मेट गाला 2025 में लॉ रोच द्वारा स्टाइल किए गया सफेद रंग का कस्टम लुई वुइटन सूट और मैचिंग हैट पहना। उनका लुक हर बार की तरह इस बार भी अनोखा और स्टाइलिश दिखा। फैरेल विलियम्स द्वारा डिजाइन किया गया यह सफेद रंग का लुक जूट सूट के रॉक एंड रोल इतिहास को श्रद्धांजलि देता है- जो ब्लैक डैंडीज्म की आधारशिला है।



जेंडाया ने ब्रेस्टेड टक्सेडो, वास्कट, सिल्क शर्ट-और-टाई, और फ्लेयर्ड ट्राउजर से अपने लुक को इनहैंस किया।

***रिहाना ने फ्लॉन्ट किया बेबी बंप*** : मेट गाला में रिहाना के स्टाइलिश लुक के साथ प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट फैंस के लिए बड़ा सरप्राइज रहा। रिहाना ने रेड कार्पेट पर ग्रे ब्लैक टू-पीस आउटफिट में शानदार एंट्री की। इस लुक में सिंगर का बेबी बंप भी साफ दिखाई दिया। रिहाना ने मेट गाला के लिए 'टेलर्ड फॉर यू' ड्रेस कोड कैरी किया। अपने लुक को सिंगर ने एक टॉप हैट, पोल्का डॉट नेकटाई, पॉकेट स्क्वायर, डायमंड ब्रोच और टू-टोन हील्स के साथ पूरा किया। इस लुक में रिहाना बहुत ही स्टाइलिश दिखीं। वहीं एक्ट्रेस के बेबी बंप से उनकी खूबसूरती और भी ज्यादा बढ़ गई।

***दुआ लिपा और सबरीना कारपेंटर*** : दुआ लिपा ने 2025 मेट गाला के रेड कार्पेट पर एक काले रंग की चैनल ड्रेस पहनी, जबकि सबरीना कारपेंटर एक कस्टम बरगंडी लुइस वुइटन टक्सिडो-प्रेरित बॉडीसूट में पहुंचीं।

***लिसा*** : *ब्लैकपिंक स्टार लिसा ने लुई वुइटन में अपना डेब्यू किया। उन्होंने इस दौरान ब्लैक शाइनिंग मोनोकिनी स्टाइल ड्रेस पहनी और अपने शानदार पोज से दर्शकों का दिल जीता।*

***हंटर शेफेर, एमी लू वुड, पैट्रिक श्वार्जनेगर - सिडनी स्वीनी और वाल्टन गोगिंस*** : *व्हाइट लोटस सितारों ने 2025 के मेट गाला के रेड कार्पेट पर स्टाइलिश लुक से हर किसी का दिल जीत लिया। हंटर शेफेर से लेकर एमी लू वुड, पैट्रिक श्वार्जनेगर, सिडनी स्वीनी और वाल्टन गोगिंस ने अपने लुक से फैशन की सबसे बड़ी रात में अपने अनोखे स्टाइल पेश किया।*

***हैली बीबर और केंडल जेनर*** : *हैली बीबर और केंडल जेनर ने 2025 मेट गाला रेड कार्पेट पर शार्प, टेलर्ड लुक पेश किया। हैली ने सेंट लॉरेंट ब्लेजर ड्रेस पहनी, जिसे टिफनी एंड कंपनी के ज्वेल्स और प्लेटफॉर्म हील्स के साथ पेयर किया। वहीं केंडल ने इस साल की रेड कार्पेट थीम, "टेलर्ड फॉर यू" के अनुरूप, टोरीशेजू का ग्रे स्कर्ट सूट चुना और डायमंड नेकलेस के साथ लुक को पूरा किया।*

***किम कार्दशियन*** : *मेट गाला 2025 में किम कार्दशियन ने स्टाइलिश बॉडीकॉन फिश कट ब्लैक लेदर ड्रेस के साथ ब्लैक हैट कैरी की। इसके साथ किम ने डायमंड ज्वैरी से अपने लुक को इंहैंस किया। उनका लुक किसी डिटेक्टिव जैसा दिखा।*



# 'बेसोस' गाने से धमाल मचाने को तैयार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज और पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन की नई म्यूजिक वीडियो 'बेसोस'का टीजर 6 मई को रिलीज हो गया। इसने फैंस के बीच उत्साह की लहर दौड़ा दी है। इस टीजर में जैकलीन अपनी शानदार डांस मूव्स से स्क्रीन पर आग लगाती नजर आ रही हैं, जबकि शिखर धवन अपने स्टाइलिश लुक से सुर्खियां बटोर रहे हैं। गाने को मशहूर गायिका श्रेया घोषाल और इंटरनेशनल आर्टिस्ट कार्ल वाइन ने अपनी आवाज दी है। फैंस इस अनोखी जोड़ी की केमिस्ट्री देखने के लिए बेसब्र हैं। पूरा गाना 8 मई को सुबह 11 बजे प्ले डीएमएफ के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज होगा। 'बेसोस'का टीजर रंगीन और जोशीले वाइब्स से भरपूर है। टीजर में जैकलीन की एनर्जेटिक डांस मूव्स और शिखर का कूल अवतार फैंस का ध्यान खींच रहा है।



# 'टाइगर' की नई शॉर्ट फिल्म का टीजर जारी

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ अपनी नई फिल्म जहां'को लेकर चर्चा में है। 2024 की सिंघम अगेन के बाद वह इस शॉर्ट फिल्म में दिखाई देंगे, जो एक्शन से भरी हुई है। राहुल शेट्टी की ओर से निर्देशित इस फिल्म को रेमो डिसूजा ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म का टीजर जारी कर दिया गया है। टाइगर ने फिल्म का टीजर रिलीज करते हुए कैप्शन में लिखा, 'कभी-कभी अंत ही नई शुरुआत होती है। मेरे भाई राहुल शेट्टी की ओर से निर्देशित इस शॉर्ट फिल्म का हिस्सा बन कर मैं बहुत खुश हूं, जिसमें पावरफुल मेसेज दिया गया है।' प्रोड्यूसर रेमो डिसूजा ने इस फिल्म को आरडी एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड आरएस स्टूडियो के तहत बनाया है। फिल्म का टीजर बहुत ही जबरदस्त और एक्शन से भरा है। फिल्म की टीजर की शुरुआत में टाइगर पानी का ग्लास लेने के लिए हाथ आगे बढ़ाते है।

# अनिल ने मां निर्मल कपूर के देहांत के बाद की भावुक पोस्ट

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर की मां निर्मल कपूर का शुक्रवार 2 मई को शाम को मुंबई के एक निजी अस्पताल में वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों की वजह निधन हो गया। मंगलवार को अनिल ने सोशल मीडिया पर अपनी मां निर्मल की पांच ब्लैक एंड व्हाइट और कलर्ड तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही एक इमोशनल नोट भी शेयर किया।

***अनिल ने शेयर कीं पांच अनदेखी तस्वीरें*** : अनिल ने इंस्टाग्राम पोस्ट पर अपनी मां की कई पुरानी और नई तस्वीरें शेयर कीं। पहली तस्वीर निर्मल की पेंटिग है, दूसरी तस्वीर में निर्मल ब्लैक साड़ी में बेहद खूबरत दिखाई दे रही हैं, तीसरी तस्वीर में एक फोटो फ्रेम के अंदर निर्मल की तस्वीर दिखाई दे रही है। वहीं चोथी तस्वीर में निर्मल की गोद में एक छोटा बच्चा बैठा दिखाई दे रहा है, यकीन से नहीं कह सकते लेकिन हो सकता है कि यह अनिल ही हों और पांचवी तस्वीर में निर्मल अपने पूरे परिवार के साथ दो केक के सामने बैठी नजर आ रही हैं। शायद किसी का जन्मदिन रहा होगा।

***पोस्ट के जरिए दी मां को श्रद्धांजलि*** : अनिल कपूर ने लिखा, जीवन के हर क्षेत्र से मिल रहा प्यार अभिभूत करने वाला है। मेरे पास वास्तव में यह बताने के लिए शब्द नहीं हैं कि हम उनके कितने आभारी हैं। मेरी मां ने न केवल सीधे तौर पर बल्कि उन लोगों के माध्यम से भी बहुत से लोगों के जीवन को छुआ है, जिनका उन्होंने पालन-पोषण किया, उनका समर्थन किया और उन्हें प्यार किया। वह उन उल्लेखनीय महिलाओं में से एक थीं जो कभी भी सुर्खियों में नहीं रहीं, लेकिन जिनकी ताकत ने सभी को एक साथ बांधे रखा। एक खामोश स्तंभ, हमेशा मुस्कुराती हुई, हमेशा परवाह करने वाली, हमेशा अपने आस-पास के लोगों को गर्मजोशी से भर देने वाली।'



### सभी के करीब थीं निर्मल कपूर

अनिल ने आगे लिखा, 'वह वह गोंद थी जिसने हमारे परिवार को हमारे बच्चों से लेकर हमारे पोते-पोतियों और यहां तक कि हमारे विस्तारित परिवार और दोस्तों तक के करीब रखा। उनका प्यार दूर-दूर तक फैला हुआ था और संदेशों और स्नेह की बाढ़ से यह स्पष्ट है कि उन्होंने इतने सारे दिलों पर एक स्थायी प्रभाव डाला।' अनिल ने आगे लिखा, 'आप सभी को, विशेष रूप से फिल्म बिरादरी से, आपके दयालु शब्दों, प्रार्थनाओं और प्यार के लिए हार्दिक धन्यवाद। हम वास्तव में विनम्र और आभारी हैं।'

## टीवी मसाला




# इन हिंदी टीवी सीरियल की कहानी की गई कॉपी ...

**नई दिल्ली।** हाल ही में 'गुम है किसी के प्यार में' सीरियल का एक प्रोमो वीडियो सामने आया। इस प्रोमो को देखकर सोशल मीडिया यूजर्स ने दावा है कि इसकी कहानी जेनिफर विंगेट और हर्षद चोपड़ा के सीरियल 'बेपनाह' से कॉपी की गई है। यह पहली बार नहीं है कि किसी हिंदी टीवी सीरियल की कहानी कॉपी की गई हो, पहले भी ऐसा हो चुका है। कई हिट सीरियल तक कॉपी किए गए हैं। सीरियल 'बढ़ो बहू(2016)' एक रोमांटिक ड्रामा सीरियल था। यह सीरियल टीवी पर आया तो इसकी तुलना हिंदी फिल्म 'दम लगा के हइशा(2015)' से हुई। दोनों की कहानी एक मोटी लड़की के ईद-गिर्द घूमती है। सीरियल 'बढ़ो बहू' में लीड रोल में रिताशा राठौर थीं, वहीं हीरो का रोल प्रिंस नरुला ने किया था। साल 2003 में टीवी सीरियल 'जस्सी जैसी कोई नहीं' खूब पॉपुलर हुआ, इसमें मोना सिंह ने लीड रोल निभाया था। यह सीरियल भी कोलंबियन सीरियल 'यो सोय बेट्टी, ला फी' की थीम पर बना था, बस इसे भारतीय दर्शकों के हिसाब से तैयार किया गया था। साल 1993 में कॉमिक सीरियल 'जबान संभाले के'ने दर्शकों को खूब हंसाया, इसमें पंकज कपूर के अलावा कई चर्चित कलाकार नजर आए। यह सीरियल भी ब्रिटिश सिटकॉम 'मांइड योर लैंग्वेज'का इंडियन वर्जन था। सीरियल 'प्यार की एक कहानी (2010)' को एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया था, इस सीरियल में विवियन डिसेना ने एक वैंपायर का रोल किया था। सीरियल 'प्यार की एक कहानी'की स्टोरी हॉलीवुड सीरियल 'द वैंपायर डायरी'और फिल्म सीरीज 'ट्वाइलाइट' से ली गई थी। साल 2003 में एक हिंदी सीरियल 'करिश्मा'का करिश्मा'रिलीज हुआ।

# पर्दे पर करनी पड़ी अपनी ही 'आपा' के साथ जबरदस्ती

*__नई दिल्ली।__ हिंदी सिनेमा के दमदार विलेन रजा मुराद ने अपने करियर में ज्यादातर विलेन के रोल निभाए हैं। उनकी आवाज तो इतनी दमदार थी कि उससे लोग कांप जाते थे। दिग्गज एक्टर ने फिल्मों में अपनी खलनायकी से हमेशा सबका दिल जीता। अब तक वह 200 से ज्यादा फिल्मों में नजर आ चुके हैं। राज कपूर की एक फिल्म में तो उन्होंने दर्शकों का दिल ही जीत लिया था। बॉलीवुड की ग्लैमरस एक्ट्रेस जीनत अमान के साथ भी उन्होंने काम किया है। एक फिल्म में तो उन्हें एक्ट्रेस के साथ रेप सीन शूट करना था। लेकिन, उन्होंने जीनत संग ये सीन करने से साफ इनकार कर दिया था।*



*बॉलीवुड में जीनत अमान वो एक्ट्रेस थी, जिनके साथ काम करने से कभी किसी ने मना नहीं किया था। चाहे वह हीरो हो या विलेन, हर कोई उनके साथ काम करने को तरसा करता था। रजा मुराद इकलौते वो एक्टर थे, जिन्होंने जीनत के साथ एक सीन करने से इनकार कर दिया था। दरअसल, इसके पीछे एक बड़ी वजह थी। दोनों ने साल साल 1987 में आई फिल्म डाकू हसीना में एक साथ काम किया था।*

*इसी फिल्म में दोनों को दोनों ही डाकू के किरदार में थे और स्क्रिप्ट के मुताबिक रजा को जीनत के साथ रेप सीन शूट करना था। रजा ने जैसे ही सुना कि ये सीन करना है, उन्होंने साफ इनकार कर दिया। वह उन्हें छूने के लिए तैयार नहीं थे। इसकी बड़ी वजह ये थी कि असल जिदंगी में जीनत अमान उनकी कजिन बहन थीं। जीनत और रजा मुराद चचेरे भाई-बहन थे।*

### ज्यादातर नेगेटिव रोल ही हैं निभाए

*रजा मुराद ने अपने कॅरियर में ज्यादातर नेगेटिव रोल ही निभाए हैं। साल 1982 में आई राज कपूर की फिल्म प्रेम रोग में उन्होंने पद्मिनी कोल्हापुरे के जेठ का किरदार निभाया था। इस फिल्म में भी उन्होंने रेप सीन शूट किया था। फिल्म में वह पद्मिनी कोल्हापुरे के जेठ और तनुजा के पति के रोल में नजर आए थे। फिल्म ब्लॉकबस्टर हिट हुई थी। रजा मुराद के रोल की भी सभी ने दिल खोलकर तारीफ की थी। इस फिल्म में उन्होंने एक ऐसे दरिंदे का रोल निभाया था, जो अपने ही भाई की पत्नी का रेप करता है।*

# अमेरिकी टैरिफ से भारतीय सिनेमा पर क्या होगा असर? दिग्गज फिल्मकारों ने दी प्रतिक्रिया

*नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में विदेशों में बनी फिल्मों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने की बात कही थी। इस फैसले ने विश्व सिनेमा, खासकर भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में हलचल मचा दी है। बॉलीवुड के दिग्गज फिल्म निर्माताओं ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।*

### फिल्मों का प्रवाह होगा कम : महेश भट्ट

फिल्म निर्माता-निर्देशक महेश भट्ट का कहना है कि यह फैसला अपेक्षित था, लेकिन अब इसके असर को समझना जरूरी है। उन्होंने कहा, 'यह तो होना ही था, लेकिन सवाल यह है कि इसका असर कितना गहरा होगा? क्या यह स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर भी लागू होगा? अमेरिका में तेलुगु फिल्मों की काफी मांग है। इस टैरिफ से हर कोई प्रभावित होगा। पहले जहां डिस्ट्रीब्यूटर्स 100 रुपए खर्च करते थे, अब उन्हें 200 रुपए देने पड़ेंगे। जाहिर है, इससे फिल्मों का प्रवाह कम होगा।"



### विक्रम भट्ट ने टैरिफ पर उठाए सवाल

वहीं, फिल्म निर्माता और निर्देशक विक्रम भट्ट का मानना है कि भारतीय सिनेमा पर इस टैरिफ का असर सीमित होगा। उन्होंने कहा, 'हमारी अधिकांश फिल्में अमेरिका और ब्रिटेन जैसे बाजारों में नहीं जातीं। केवल बड़ी बजट की फिल्में ही वहां पहुंचती हैं। मध्यम और छोटे बजट की फिल्मों का विदेशी बाजार पहले से ही सीमित है। अब इस टैरिफ के बाद शायद केवल मेगा-बजट फिल्में ही वहां प्रदर्शित हो पाएंगी, क्योंकि वहां प्रदर्शन की लागत बहुत ज्यादा है। वैसे भी हमारी फिल्में अमेरिका में शूट नहीं होतीं तो हमारी फिल्मों पर टैरिफ लगाने का क्या मतलब?"

### विवेक अग्निहोत्री ने की आलोचना

इस मुद्दे पर फिल्म निर्माता विवेक अग्निहोत्री ने भी अपनी राय रखी है। उन्होंने सोमवार को उन्होंने एक्स पोस्ट के जरिए अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि यह भारत की फिल्म इंडस्ट्री के लिए बेहद खतरनाक है। विवेक ने कहा, "ट्रंप द्वारा फिल्मों पर 100% टैरिफ लगाना एक विनाशकारी कदम है। अगर यह बेतुकापन जारी रहा तो भारत का संघर्षरत फिल्म उद्योग पूरी तरह से ध्वस्त हो जाएगा और इसे बचाने वाला कोई नहीं होगा। विवेके ने आगे कहा, भारतीय फिल्म लीडर्स को जागना और एकजुट होना चाहिए और पैपराजी और आत्म-प्रशंसा के पीछे भागने के बजाय इस खतरे से लड़ना चाहिए।

# 'लाफ्टर शेफ 2' पहुंचे तो ट्रोल हुए अभिनव अरोड़ा

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन भारती सिंह कलर्स चैनल पर एक शो 'लाफ्टर शेफ 2' को होस्ट करती हैं, इनके साथ शेफ हरपाल भी नजर आते हैं। शो में कृष्णा अभिषेक, करण कुंद्रा, एल्विश यादव, अंकिता लोखंडे, विक्की जैने, रुबीना दिलैक जैसे टीवी सेलिब्रिटी नजर आते हैं। यहां एक तरफ तो कुकिंग टास्क पूरे करते हैं, वहीं शो में हंसी का माहौल भी खूब बनता है। हाल ही में इस शो के एक एपिसोड का प्रोमो कलर्सटीवी के इंस्टाग्राम पेज पर साझा किया गया। प्रोमो में बतौर मेहमान अभिनव अरोड़ा नजर आ रहे हैं, इस बच्चे को देखकर फैंस नाराज हो गए। इसके बाद अभिनव की ट्रोलिंग शुरू कर दी। इस लड़के को कथित बाल संत के नाम से सोशल मीडिया पर जाना जाता है। सोशल मीडिया पर इस लड़के की हरकतें देखकर कुछ यूजर्स अक्सर नाराज हो जाते हैं।



7- May- KORIYA- Bhoomi pg-4_Layout 1 5/7/2025 9:04 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित भृत्य को कारण बताओ नोटिस

**अम्बिकापुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत बाल विकास परियोजना बतौली में भृत्य के पद पर कार्यरत भोला दास को बिना किसी सूचना के कार्य पर अनुपस्थित रहने के मामले में कार्रवाई की गई है। भृत्य को कारण बताओं नोटिस जारी कर एक पक्षीय कार्रवाई और सेवा से बर्खास्त करने की चेतावनी दी गई है। बताया जा रहा है कि भृत्य बोला दास अगस्त-2022 से अब तक बिना किसी सूचना के अनाधिकृत रूप से अपने कर्तव्य से लगातार अनुपस्थित है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र, अंतिम सूचना पत्र, आरोप पत्र आदि जारी किया गया है। संबंधित भृत्य को निर्देशित किया गया है कि नोटिस प्रकाशन के 3 दिवस के भीतर कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग में उपस्थित होकर सुसंगत दस्तावेजों के साथ अपना पक्ष प्रस्तुत करने कहा गया है। अन्यथा एक पक्षीय सेवा से बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाएगी।

### घर से कुछ दूर अचेत पड़े ग्रामीण की संदिग्ध हालत में मौत

**अम्बिकापुर।** जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम महावीरपुर विजयनगर निवासी शिवचरण सिंह आ. स्व. सोहन सिंह (57 वर्ष) 4 मई को पत्नी रीता के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। दोनों के बीच लड़ाई झगड़ा होने पर पति घर से चला गया। इसी बीच कुछ समय बाद घर से कुछ दूर बांस झाड़ी के समीप अचेत हालत में पड़ा मिला। बच्चों ने परिजन को बताया कि वह पेड़ में फांसी लगाने का प्रयास कर रहा था। परिजन अचेत हालत में शव चरण को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान बीती रात उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने पुलिस को बताया कि गिरने से अचेत हो गया था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

### कलेक्टोरेट परिसर से चोरों ने पार किया बाइक

**अम्बिकापुर।** रामानुजनगर थाना अंतर्गत ग्राम पंपानगर निवासी राहुल सिंह आ. शिवधारी सिंह (26 वर्ष) गत दिन भाई दिलेश्वर सिंह का बाइक क्रमांक सीजी 29 एडी 5688 को लेकर किसी काम के सिलसिले में कलेक्ट्रेट परिसर आया था। युवक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कम्पोजिट बल्डींग के सामने बाइक को खड़ा कर चला गया। कुछ समय बाद आया तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। जिस पर बाइक चोरी की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई।

### जमीन की धोखे से कराई रजिस्ट्री फर्जी दस्तावेजों का किया उपयोग

**बलरामपुर।** जिले में भूमाफियाओं के काले कारोबार के खिलाफ पुलिस का शिकंजा लगतार जकड़ता जा रहा है। फर्जी तरीके से भोले भाले ग्रामीणों की बेशकीमती जमीन को औने पौने दाम में हथियाने के मामले में पुलिस की कार्रवाई जारी है। इस बीच हरिभूमि की एक खबर का भी असर हुआ है और पुलिस विभाग ने मामले में 5 डिसमिल की जगह ग्रामीण की 32 डिसमिल जमीन को धोखे से हथियाने, रजिस्ट्री में फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करने के मामले में कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पुलिस द्वारा मामले में फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर
जिला कोरिया (छ.ग.)
// ईश्तहार//
क्रमांक/ वाचक/ 2024
बैकुण्ठपुर दिनांक/ /2024

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासी/ नगरवासी ग्राम नगर की आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका संगम कुमार पिता/पति रमेश कुमार जाति बियार निवासी नगर तहसील बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया के द्वारा स्व. रघुराम निवासी नगर का मृत्यु दिनांक 05/05/2008 को होने के कारण जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 15/5/25 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियो पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 05/5/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया छ.ग.

### वार्ड क्रमांक 36 के नागरिकों ने मायापुर पानी टंकी परिसर में किया विरोध प्रदर्शन

# जिस वार्ड में दो-दो टंकियां वहीं के नागरिक 9 दिनों से जूझ रहे पानी की किल्लत से

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- पानी नहीं मिलने से उपजा आक्रोश

मौसम के उतार चढ़ाव से शहरवासियों को भीषण गर्मी से तो राहत मिल गई है लेकिन गर्मी के मौसम में इन दिनों शहर के अनेकों वार्ड ऐसे है जो पानी की किल्लत से जूझ रहे है। इस बीच शहर का एक ऐसा वार्ड भी है जहां दो दो पानी टंकियां है और आधे शहर को यहां से पानी की सप्लाई की जाती है लेकिन इसी वार्ड के नागरिक पिछले 9 दिनों से पानी की किल्लत से जूझ रहे है।

क्षेत्रवासियों को बड़ी मुश्किल से एक दो बाल्टी ही पानी मिल पा रहा है। ऐसे में वार्डवासियों का आक्रोश मंगलवार को फूट पड़ा। बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों ने पार्षद के नेतृत्व में नगर निगम के मायापुर पानी टंकी के नीचे धरना और विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने निगम सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी नाराजगी जाहिर की। वार्डवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि पानी की समस्या से मुक्ति नहीं मिली तो वे अब पानी टंकी के नीचे बैठकर ही अपने बर्तन, कपड़े धोने के साथ ही अन्य कार्य करेंगे। बता दें कि शहर के गुरुद्वारा वार्ड क्रमांक 36 में स्थित मायापुर पानी टंकी से शहर के आधी आबादी को पानी की सप्लाई की जाती है। मायापुर में दो पानी की टंकियां संचालित है जिससे आस पास के क्षेत्र में पानी की आपूर्ति होती है लेकिन जिस वार्ड में पानी टंकी मौजूद है उसी वार्ड के लोगों को 9 दिनों से पानी की सप्लाई सही तरीके से नहीं हो रही है और लोग पानी की किल्लत से जूझ रहे है। इस वार्ड में लगभग 400 घर मौजूद है और सभी लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में वार्ड वासी जय प्रकाश गोयल, जानकी पात्रे और अन्य वार्डवासियों का कहना है की क्षेत्र में पिछले 9 दिनों से पानी की समस्या बनी हुई है। वार्ड में लोगों को एक दो बाल्टी पानी ही मिल पा रहा है जबकि उन्हें पानी के लिए अपनी नींद खराब कर सुबह उठना पड़ता है। इसके बाद भी उन्हें पानी नहीं मिल रहा और उनकी नींद भी खराब हो गई है। वहीं पानी नहीं होने से नहाने, खाना बनाने, कपड़े धोने जैसी अन्य नित्य क्रियाओं के लिए परेशानी हो रही है। पानी की समस्या से जूझ रहे लोगों ने पार्षद से मामले की शिकायत की लेकिन कोई हल नहीं निकला जिसके बाद वे पार्षद के साथ पानी टंकी में धरना प्रदर्शन करने पहुंचे थे। इस दौरान लोगों ने जमकर नारेबाजी की और अपनी नाराजगी जाहिर की। लोगों का कहना है कि हमारे वार्ड में पानी टंकी मौजूद है और इसी वार्ड को पानी नहीं मिल रहा है। टैंकर की व्यवस्था भी है लेकिन इसका लाभ भी हमें नहीं मिल रहा। इसके साथ ही लोग अपने घर से बाल्टी, साबुन लेकर आए थे और उन्होंने बाल्की को ननि के पानी टैंकर के सामने रखकर अपना विरोध जताया।



विरोध प्रदर्शन करते वार्डवासी।

#### मोटर जलने से हुई समस्या

वार्ड पार्षद मेराज रंगरेज ने बताया कि 28 अप्रैल से वार्ड में पानी की किल्लत बनी हुई है। जब पता किया गया तो बताया गया कि मोटर पम्प जल गया है लेकिन 9 दिन का समय बीत जाने के बाद भी मोटर पम्प में सुधार नहीं हुआ इसके साथ ही निगम के पास अतिरिक्त मोटर पम्प की व्यवस्था भी नहीं है। अब अधिकारी पार्षद का फोन भी नहीं उठा रहे है। क्षेत्र में कोई हैंडपंप संचालित नहीं है और 400 घरों में टैंकर से सप्लाई संभव नहीं है। यदि पानी की समस्या से मुक्ति नहीं मिलती है तो आने वाले दिनों में वार्डवासी मायापुर पानी टंकी में आकर ही अपने बर्तन, कपड़े धोने के साथ ही अन्य कार्य करेंगे। इधर निगम भी मान रहा है कि मशीन जलने के कारण दिक्कत हुई है और नई मशीन की खरीदी भी कर ली गई है लेकिन अब तक मशीन की सप्लाई नहीं हो पाई है। यही वजह है कि समस्या उत्पन्न हुई लेकिन बाद में मोटर पम्प में सुधार कराकर पानी सप्लाई को सुचारू कर दिया गया।

#### हो गया है सुधार

लगातार चलने से गर्मी के मौसम में मशीन जलने की समस्या आती है। जली हुई मशीन को सुधार लिया गया है इसके साथ ही एक नई मशीन की खरीदी भी कर ली गई है जिससे पानी सप्लाई में दिक्कत नहीं होगी।

-डीएन कश्यप, आयुक्त ननि



## मौसम में हुए बदलाव से बढ़ रहे उल्टी दस्त के मरीज, 13 भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

- अलग अलग क्षेत्रों से लाए गए मरीज, सीएचसी में चल रहा उपचार

बेमौसम बारिश और उमस के बीच अब क्षेत्र में मौसमी बीमारियों का प्रकोप भी बढ़ता जा रहा है। क्षेत्र में लोग उल्टी-दस्त और बुखार से ग्रसित हो रहे है। वर्तमान में भी क्षेत्र के अलग अलग ग्रामीण इलाकों में 16 से 17 मरीज सामने आए है। इनमें एक दर्जन से अधिक मरीजों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकी स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि अभी स्थिति सामान्य है और क्षेत्र में अमले को सक्रिय कर दिया गया है। जरूरत पड़ने पर कैम्प लगाकर लोगों का उपचार किया जाएगा। बता दें कि भीषण गर्मी के बीच मौसम में उतार चढ़ाव का क्रम जारी है। तेज धूप के बाद बारिश हो रही है। यही वजह है कि तेजी से बदलते मौसम के कारण लोग मौसमी बीमारी से ग्रसित हो रहे है। इस बीच क्षेत्र के दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में उल्टी दस्त के मरीज सामने आए है। विकासखंड से लगभग 70 किमी की दूरी पर बसे ग्राम रामनगर, नीलकंठपुर, नवडीहा, पुरानपानी सहित अन्य क्षेत्रों में उल्टी दस्त के मामले सामने आए है। उल्टी, दस्त और बुखार की शिकायत पर बीती रात एम्बुलेस की मदद से लगभग 17 मरीजों को अस्पताल में लाया गया था। कुछ मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई जबकि शेष 12 से 13 मरीजों का उपचार अस्पताल में चल रहा है। सभी मरीजों को उल्टी, दस्त और बुखार की शिकायत है। फिलहाल मरीजों की हालत सामान्य बताई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव में मितानिन की मदद से निगरानी की जा रही है और जरुरत पड़ने पर कैम्प लगाने की बात कही जा रही है।

#### स्थिति नियंत्रण में

मौसम में बदलाव के कारण उल्टी, बुखार के मरीज आ रहे है। 13 मरीजों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। सभी की हालत में सुधार है और स्थिति नियंत्रण में है। मितानिन को निगरानी रखने कहा गया है। जरुरत पड़ने पर कैम्प लगाकर लोगों का उपचार किया जाएगा लेकिन फिलहाल मरीजों की हालत सामान्य है।

-सतीश पैकरा
बीएमओ कुसमी

## फंड में गड़बड़ी: पंचायत सचिव निलंबित

**बैकुण्ठपुर।** सुशासन तिहार के पहले चरण और जनदर्शन में ग्राम करजी के ग्रामीणों ने पंचायत सचिव के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने तत्काल आवेदन को संज्ञान में लिया और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी को परीक्षण उपरांत कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आवेदन का परीक्षण किया और जांच करने का आदेश दिया था। बुधवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जारी आदेशानुसार ग्राम पंचायत करजी के सचिव जय प्रताप सिंह के ऊपर गंभीर लापरवाही और वित्तीय अनियमितताओं के आरोप में तत्काल उन्हें सभी दस्तावेज जमा करने के निर्देश दिए थे, लेकिन पंचायत सचिव जय प्रताप सिंह ने कोई भी दस्तावेज जमा नहीं किया, इस कृत्य को गंभीरता से लेते हुए उन्हें निलंबित किया गया। शिकायतों के अनुसार ग्राम पंचायत करजी में सीसी नाली निर्माण, फर्नीचर, स्ट्रीट लाइट, हैण्डपंप खनन तथा कम्प्यूटर व डस्टबिन की खरीदी के लिए पंचायत फंड से राशि आहरित की गई। इस संबंध में ग्राम सचिव द्वारा जांच के दौरान पंचायत अभिलेख जांच दल को उपलब्ध नहीं कराए गए, जिससे शिकायतें प्रथम दृष्टया सत्य पाई गइं। उक्त कृत्य को छग पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 एवं ग्राम पंचायत सचिव नियम 1999 का उल्लंघन मानते हुए सचिव को निलंबित किया गया है। निलंबन की अवधि में सचिव का मुख्यालय जनपद पंचायत बैकुंठपुर निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त होगा। इसके साथ ही ग्राम पंचायत करजी के सचिवीय कार्यों का अस्थाई प्रभार ग्राम पंचायत गिरजापुर की सचिव श्रीमती सोनकुंवर सिंह को सौंपा गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

### बाइक से गिरकर महिला की मौत, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** कैटरिंग का काम करने जा रही महिला की बाइक से गिरकर मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। राजपुर पुलिस के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम कोटागहना बांधपारा निवासी मंगरी अपने साथियों श्रीमती बासो, धनेश्वर, समेत चार लोग दो अलग अलग बाइक में बैठकर 4 मई को कैटरिंग का काम करने के लिए ग्राम नरसिंहपुर जा रहे थे। जिस बाइक क्रमांक सीजी 30 जी 3692 में धनेश्वरी और मंगरी बैठे थे उसे मिस्त्री राम साय चला रहा था। जबकि उसके पीछे की बाइक में बासो अपनी एक अन्य महिला व मिस्त्री रूबीन के साथ आ रही थी। इस दौरान हरीतिमा मोड़ के पास रामसाय ने बाइक से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार बाइक सड़क पर गिर गई। इस घटना में धनेश्वरी और मंगरी को गंभीर चोट आई थी। महिलाओं द्वारा घायल महिला को उपचार के लिए सीएचसी राजपुर में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान मंगरी की मौत हो गई। इस मामले में मर्ग जांच के बाद पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106(1), 125(ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## एमसीबी जिले के कोटाडोल में समाधान शिविर

**बैकुंठपुर।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के भरतपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम कोटाडोल में विशेष समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसने अपने आयोजन स्थल की सादगी और आत्मीयता से सभी का ध्यानाकर्षित किया। यह शिविर गांव के पुराने आम और महुआ के पेड़ों की शीतल छांव में आयोजित किया गया, जिसने न केवल ग्रामीण परिवेश की गरिमा को बढ़ाया बल्कि इसे एक पारंपरिक और संवेदनशील रूप भी प्रदान किया।



शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें अधिकारियों ने ग्रामीणों को उनकी पात्रता, लाभ और आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष स्टॉल लगाया गया, जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण और जांच की व्यवस्था की गई थी। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने इन सुविधाओं का लाभ उठाया, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि ग्रामीण समाज में जागरूकता और सुविधा दोनों की आवश्यकता को यह शिविर पूरा कर रहा है। समाधान तिहार के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटाडोल सहित खमरौद, खिरकी, कमजीखोह, नेउर, नौगई, मसर्रा, मुर्किल, बड़गांवखुर्द, ठिसकौली, देवसिंल और कटवार जैसे अनेक गांवों से प्राप्त आवेदनों पर की गई कार्रवाई की जानकारी शिविर में साझा की गई। भरतपुर ब्लॉक के कोटाडोल ग्राम में आयोजित समाधान शिविर में जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम की अध्यक्षता में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा और हितग्राहियों से सीधा संवाद हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कोटाडोल जैसे दूरस्थ क्षेत्र में शिविर का आयोजन इसलिए किया गया है, ताकि शासन की योजनाएं सीधे आमजन तक पहुंचे और हर व्यक्ति को उसका हक मिल सके। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 3019 लाभार्थियों को पहली किस्त वितरित की जा चुकी है और शौचालय निर्माण के लिए भी स्वीकृति प्रदान की गई है। इस समाधान शिविर के अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सुखवंती सिंह, श्रीमती बेला कुंवर आयाम जिला पंचायत सदस्य, हीरालाल मौर्य उपाध्यक्ष जनपद पंचायत भरतपुर, श्रीमती कविता यादव जनपद सदस्य, श्रीमती सविता सिंह जनपद सदस्य, मनोज गुप्ता मंडल अध्यक्ष कोटाडोल, नरेश यादव मंडल अध्यक्ष जनकपुर, प्रदीप सिंह मंडल अध्यक्ष कुवांरपुर के साथ कोटाडोल, मुर्किल, कमर्जी, देवसिल, कटवार, खमरौध, ठिसकोली के सरपंच के साथ कोटाडोल उपसरपंच राजाराम के अलावा हीरालाल यादव, एसडीएम भरतपुर और सहायक विस्तार अधिकारी के साथ ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### वनांचल की बेटी...

की सेवा अच्छे से कर सकूं। वहीं गांव के सरपंच जयकरण सिंह ने कहा कि बेटी वंदना की इस ऐतिहासिक सफलता ने यह साबित कर दिया है कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती। अगर हौसले बुलंद हों और मार्गदर्शन सही हो, तो हमारे सुदूर गांव की बेटियां भी प्रदेश के मंच पर चमक सकती हैं।

### मनेन्द्रगढ़ की श्रुति...

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि यह सुनकर हम सबको अत्यंत प्रसन्नता हुई कि श्रुति को 500 में से 487 अंक प्राप्त हुए हैं और कॉमर्स संकाय में प्रदेश में द्वितीय स्थान मिला है। यह उसकी मेहनत, लगन और समर्पण का प्रतिफल है। उसने पूरे वर्ष मन लगाकर पढ़ाई की और आज उसी का यह फल मिला है। हम आशा करते हैं कि श्रुति आगे भी इसी तरह सफलता की ऊंचाइयों को छूती रहे और अपने जीवन को उज्जवल बनाए। श्रुति मंगतानी की इस उल्लेखनीय उपलब्धि ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि छोटे शहरों की बेटियां भी बड़ी उड़ान भर सकती है।

### बोर्ड परीक्षा में...

वहीं 12 वीं बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। 1318 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सफल हुए, इनमें से 838 छात्राएं और 480 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। उल्लेखनीय है कि कोरिया जिले में शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए मिशन 100 अभियान संचालित रहा। इस मिशन का उद्देश्य जिले में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना और बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त करना था। जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में शिक्षकों की टीम ने निरंतर मेहनत कर इस लक्ष्य को साकार करने में जुटी हुई थी।

### सोनहत में दिखा...

करारा जवाब देने में सक्षम है। आज हर भारतवासी गौरव महसूस कर रहा है। वहीं केसगवां पंचायत के प्रतिनिधि प्रेमसागर तिवारी ने प्रतिक्रिया दी कि भारतीय वायुसेना की बारीकी से की गई कार्रवाई ने पाकिस्तान को कराहने पर मजबूर कर दिया है। यह हमला बताता है कि आतंक का हश्र क्या होता है। यह पूरे देश के लिए एक उत्सव बन गया है। सोनहत सहित पूरे क्षेत्र में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर लोगों में गर्व, जोश और जश्न का माहौल है।

### पानी की बर्बादी ...

उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि हम सबकी जिम्मेदारी है कि आने वाले समय के लिए पानी बचाने का संकल्प लें, बरसाती पानी को रोके। जिला प्रशासन द्वारा चलाई जा रही आव पानी झोंकी अभियान में सबके सहयोग करने की बात कही। जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण किया जा रहा है, किसी तरह की समस्या होने पर सब मिलकर उसे समाधान किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ जरूर उठाएं। शिविर स्थल में अपर कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। अपर कलेक्टर श्री मरकाम ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशानुसार सुशासन तिहार के पहले चरण में प्राप्त आवेदनों का एक माह में पारदर्शिता के साथ समाधान किया गया है और अब तीसरे चरण में क्लस्टरवार शिविरों के माध्यम से आवेदनों पर की गई कार्रवाई की जानकारी दी जा रही है। शिविर स्थल पर विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण स्टॉल लगाया गया, जहां ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच कराई। तोलगा के अलावा और बडेकलुआ, सागरपुर, सकरिया, बैमा, भरदा, अमका, छोटेसाल्ही, छुरी, गेजी, बचरा से काफी संख्या में ग्रामीण, हितग्राही व लाभार्थी पहुंचे रहे, इसके अलावा जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों को हितग्राही मूलक सामग्रियों का वितरण किया।

## बेटे की मौत के बाद मिली 4 लाख की सहायता राशि हड़पी, किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मैनपाट विकासखंड में एक आदिवासी परिवार से शारीरिक और आर्थिक शोषण का मामला सामने आया है। मझवार जाति की महिला के बेटे की सर्प दंश से मौत के बाद मिली मुआवजा राशि 4 लाख को दो लोगों ने हड़प लिया इसके साथ ही उन्होंने महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म भी किया। बड़ी बात यह है कि दुष्कर्म के बाद महिला गर्भवती हो गई और उसने एक लड़के को जन्म भी दिया। इस पूरी घटना के दौरान महिला का पति 14 साल के लिए जेल में सजा काट रहा था। जब महिला का पति जेल से बाहर आया तो उसे इस घटना की जानकारी हुई। जब ग्रामीण ने मामले की शिकायत पुलिस से की तो उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। अब मामले में महिला और उसके पति ने एसपी को आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई है। इधर अब पुलिस इस मामले में जांच के साथ ही बच्चे के पिता का पता लगाने के लिए डीएनए टेस्ट कराने की तैयारी कर रही है।

बताया जा रहा है कि मैनपाट विकासखंड के कमलेश्वरपुर थाना अंतर्गत आने वाली मझवार जाति की महिला के पति को हत्या के आरोप में 14 साल की सजा सुनाई गई थी। हत्या के मामले में महिला का पति 14 साल 7 महीने तक जेल में रहा। इस बीच महिला और उसके पति के बच्चे को वर्ष 2021 में सांप ने काट लिया था जिससे उसकी मौत हो गई।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक, कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन